न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, देवली, जिला – टोंक

(पीठासीन अधिकारी श्री दुर्गा प्रसाद मीना R.A.S. उपखण्ड अधिकारी देवली द्वारा अध्यासित)

मिशल संख्याः–616 / 2023

निर्णय दिनांक :–12.02.2024

उनवानी प्रार्थना पत्र :

सरकार जरिये तहसीलदार देवली जिला टोंक

–प्रार्थी–

बनाम

1. बरधी पुत्री भूरा जाति रेगर निवासी डाबरकला
2. मनभर पुत्री भूरा जाति रेगर निवासी डाबरकला
3. रामस्वरून पुत्र भूरा जाति रेगर निवासी डाबरकला
4. शान्ति पुत्री भूरा जाति रेगर निवासी डाबरकला

–अप्रार्थी गण–

उपस्थिति :–
पेरोकार सरकार

एकपक्षीय कार्यवाही विरूद्ध
अप्रार्थी संख्या 1 ता 4

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136, भू–राजस्व अधिनियम 1956
बाबत नक्शे में तरमीम शुद्धि करने

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि ग्राम डाबरकला की जमाबंदी सम्वत 2067–70 के खाता संख्या में ख. नं. 567 / 2423 रकब 0.30 है0 किस्म बारानी प्रथम में से नामान्तकरण 990 दिनांक 8.5.12 द्वारा रकबा 0.30 है0 में से 0.26 है0 की खातेदारी प्रदान की गई थी। नामा. संख्या 990 से खातेदारी उपरान्त ख. नं. 567 / 2423 रकबा 0.30 है0 में से 0.26 है0 की तरमीम ख. नं. 567 / 2423 में से ही करनी थी परन्तु तत्समय तरमीम ख. नं. 567 में कर दी गई। जबकि ख. नं. 567 रकबा 0.62 है0 किस्म बारानी प्रथम सिवायचक दर्ज रिकॉर्ड है। सिवायचक ख. नं. 567 में तरमीम करने से राजहित प्रभावित हुआ है। चरण सं. 1 में अंकित भूमि को खातेदारी देने के उपरान्त बने नये ख. नं. 2584 / 567 रकबा 0.26 है0 खातेदारी में दर्ज हुआ है। अधियाचनाः– अतः माननीय न्यायालय से निवेदन है कि ग्राम डाबरकला में ख. नं. 567 में गलत की तरमीम ख. नं. 2584 / 567 को ख. नं. 567 में शामिल करते हुए ख. नं. 2584 / 567 व 567 / 2423 की तरमीम प्रस्तावित नक्शे अनुसार किये जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करे।

अप्रार्थीगण की तलबी जारी की गई।

अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 4 बावजूद तामिल अनुपस्थित रहने से इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गई।

पत्रावली बहस में नियत की गई।

पेरोकार सरकार ने प्रार्थना पत्र के तथ्यो को दोहराते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार करने की प्रार्थना की।

पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध जमाबंदी सम्वत 2067—70 वाके ग्राम डाबरकला के खाता संख्या 467 में ख. नं. 567/2423 रकबा 0.30 है0 गैर खातेदार के रूप में दर्ज है। दस्तावेज नामा. संख्या 990 नामान्तकरण पंजिका ग्राम डाबरकला के कॉलम संख्या 9 में रामस्वरूप पुत्र बरधी मनभर शान्ति पुत्रियां भूरा कोम रेगर सा. देह खातेदार 567/2423 रकबा 0.26 है0 की कॉलम संख्या 14 में गैर खातेदारी से खातेदारी तहसीलदार के आदेश से हुई है। जमाबंदी संवत 2076 से 79 वाके डाबरकला के ख. नं. 567 राजस्व रिकॉर्ड में सिवायचक के रूप में दर्ज रिकॉर्ड है। नक्शा ट्रेस दिनांक 13.1222 के अनुसार ख. पं. 567 जो सिवायचक दर्ज है, में ख. नं. 2584/567 की तरमीम दर्शित है। जो गलत है।

उक्त विवेचन से प्रार्थी तहसीलदार देवली का प्रार्थना पत्र उचित है। जिसको शुद्ध किया जाना आवश्यक है। अतः तहसीलदार देवली को आदेशित किया जाता है कि पत्रावली पर संलग्न नक्शा ट्रेस दिनांक 13.12.22 अनुसार प्रस्तावित तरमीम शुद्ध कर, राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय खुले न्यायालय में दिनांक 12.02.2024 को सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
देवली